# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–15.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लिए दिए 11 संकल्प, भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, आरक्षण जैसे मुद्दे शामिल।**
2. **राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा–मंईयां सम्मान योजना के 50 लाख लाभुकों को मिलती रहेगी राशि, इसके लिए 18 हजार करोड़ का किया गया इंतजाम।**
3. **जेएसएससी रिजल्ट रद्द कराने की मांग को लेकर आज से रांची में हजारों छात्रों का जुटान, जेएसएससी कार्यालय के आसपास आज से 20 दिसंबर तक निषेधाज्ञा लागू।**
4. **रांची में छात्राओं से छेड़खानी के आरोपी की सूचना पर 10 हजार के इनाम की घोषणा, मुख्यमंत्री के आदेश के बाद पुलिस ने की कार्रवाई।**
5. **राज्य में बढ़ा ठंड का प्रकोप, मैक्लुसकीगंज और कांके का न्यूनतम तापमान करीब तीन डिग्री पहुंचा, मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक तापमान में नहीं होंगे कोई बड़े बदलाव।**

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान की 75 वर्ष की गौरव यात्रा पर लोकसभा में आयोजित चर्चा के दौरान विकसित भारत एट द रेट 2047 के लिए देश के सामने 11 संकल्प रखे। इसमें नागरिक कर्तव्य, सबका विकास, भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, आरक्षण मिलता रहे और यह धर्म के आधार पर न हो, जैसे संकल्प शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में देर शाम तक चली चर्चा में अपने वक्तव्य में कहा, चाहे नागरिक हो या सरकार हो... सभी अपने कर्तव्यों का पालन करें। हर क्षेत्र, हर समाज को विकास का लाभ मिले, सबका साथ–सबका विकास हो। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस हो, भ्रष्टाचारी की सामाजिक स्वीकार्यता न हो।

******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के 50 लाख लाभुकों को राशि मिलती रहेगी। इसके लिए 18 हजार करोड़ रूपये का इंतजाम किया गया है। वित्त मंत्री ने यह बातें पलामू में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा खनिज रहने के बावजूद हमारा राज्य 11 हजार करोड़ सलाना राजस्व जुटा पाता है। राजस्व जुटाना चुनौती भरा कार्य है लेकिन उत्पाद विभाग और सेल टैक्स से राजस्व बढ़ाया जाएगा।

******************

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि रघुवर दास सरकार के समय में विलय किये गये स्कूलों में फिर से पढ़ाई शुरू की जाएगी। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। स्कूल भवनों की स्थिति की रिपोर्ट जिलों से मांगी गई है। उन्होंने बताया राज्य में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई और बेहतर करने की योजना बनाई जा रही है।

******************

छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि 16 दिसंबर को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का घेराव किया जाएगा। आज से रांची में हजारों की संख्या में छात्रों का जुटान शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सोमवार को एक तरफ आयोग डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करेगा तो दूसरी तरफ हजारों छात्र कार्यालय के महाघेराव में जुटेंगे। इसको देखते हुए सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने 20 दिसंबर तक जेएसएससी कार्यालय और सदाबहार चौक के 500 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है। सुरक्षा को लेकर लगभग एक हजार जवानों को लगाया है।

******************

राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी की पहचान कर ली गई है। रांची पुलिस ने उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। स्कूल जाने वाली बच्चियों के साथ छेड़खानी करने वाले शख्स की पहचान रांची के हिंदपीढ़ी के रहने वाले मोहम्मद फिरोज अली के रूप में हुई है। इस मामले में मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया था। इस मामले को लेकर आईजी अखिलेश झा ने

बताया कि आरोपित की पहचान कर ली गई है साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से हर सुविधा मुहैया कराने का आश्वासन दिया है।

******************

लातेहार जिला पुलिस ने उग्रवादी पंकज जी उर्फ लाझरा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार उग्रवादी 7 सितंबर को बोकाखाड़ जंगल में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में शामिल था। एसपी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मुठभेड़ में शामिल अन्य उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

.

******************

धनबाद की लाइफलाइन कहे जाने वाले गया पुल की मरम्मत का काम जल्द शुरू होगा। और जानकारी के साथ हमारे संवददाता–

******************

राज्य में लगातार बह रही उत्तरी–पछुआ हवाओं ने कनकनी बढ़ा दी है। राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची से सटे मैक्लुसकीगंज में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री जबकि कांके का तीन दशमलव तीन डिग्री रहा। तापमान कम होने के कारण कई जगहों पर घास पर बर्फ देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं। राज्य के बोकारो, धनबाद, गढ़वा, रामगढ़, पलामू, चतरा और गुमला में शीतलहर चलने की संभावना है।

******************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान दिए अभिभाषण को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है**– कांग्रेस ने खून चखने के बाद बार– बार संविधान बदला वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हवाले से लिखा एकलव्य की तरह युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा है।

**प्रभात खबर ने** जेएसएससी कार्यालय के घेराव की खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है आज से रांची में जुटेंगे हजारों अभ्यर्थी, आयोग ने गड़बड़ी से किया इनकार।

**वहीं हिंदुस्तान और रांची एक्सप्रेस दैनिक ने** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा को सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में कांग्रेस पर लगाए आरोपों को सुर्खी बनाई है।

******समाप्त************